उप क्षेत्रीय कार्यालय, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, ओखला में सुविधा समागम का आयोजन

एनडीएस संवाददाता

नई दिल्ली। उप क्षेत्रीय कार्यालय, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, ओखला परिसर में आज को सुविधा समागम का आयोजन किया गया। सुविधा समागम में साहिल अग्रवाल, संयुक्त निदेशक (प्रभारी), उप क्षेत्रीय कार्यालय, ओखला एवं श्री गुरप्रीत सिंह, सहायक निदेशक, हितलाभ शाखा एवं चारों शाखा कार्यालयों के शाखा प्रबन्धक भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में बीमितों की समस्याओं को सुना गया एवं मौके पर ही उनका निवारण किया गया। गुरप्रीत सिंह , सहायक निदेशक ने बीमितों एवं नियोजकों को बताया गया कि मुख्यालय, कर्मचारी राज्य बीमा निगम के आदेशानुसार प्रत्येक माह के द्वितीय बुधवार को उप क्षेत्रीय कार्यालय ओखला में एवं प्रत्येक माह के द्वितीय शुक्रवार को उप क्षेत्रीय कार्यालय, ओखला के अंतर्गत आने वाले चारों शाखा कार्यालय ओखला, कालकाजी, पालम एवं आश्रम में सुविधा समागम का आयोजन किया जाता है। उक्त सुविधा समागम में नियोजकों एवं बीमितों को निगम की योजनाओं के संबंध में आने वाली समस्याओं को सुना एवं उनका मौके पर ही निवारण भी किया जाता है। इस मौके पर साहिल अग्रवाल, संयुक्त निदेशक (प्रभारी), उप क्षेत्रीय कार्यालय, ओखला ने सभी नियोजकों एवं बीमतों से अपील की गई कि वे उन्हें निगम की योजनाओं में आ रही किसी भी प्रकार की समस्याओं हेतु उक्त सुविधा समागम का लाभ लें।